मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-अप्रैल, 2007 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 21 फरवरी, 2007 (फाल्गुन 2, 1928)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. अध्यादेशों का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार निम्नलिखित अध्यादेशों को पटल पर रखेंगे :-

(1) न्यायालय फीस (मध्यप्रदेश संशोधन) संशोधन अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 1 सन् 2007), तथा

(2) मध्यप्रदेश शासकीय सेवक (अधिवार्षिकी-आयु) अध्यादेश, 2007 (क्रमांक 2 सन् 2007).

3. अक्टूबर-नवम्बर, 2006 सत्र निर्धारित अवधि से पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांक के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

4. नियम 267-क के अधीन अक्टूबर-नवम्बर, 2006 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

5. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

6. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री सज्जन सिंह वर्मा, रामनिवास रावत, सदस्य, धार एवं बैतूल जिले में एकीकृत आदिम जाति विकास परियोजना के माध्यम से घटिया डीजल पंप प्रदाय किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री आरिफ अकील, डॉ. गोविंद सिंह, श्री सत्यदेव कटारे, सदस्य, प्रदेश में यूरिया खाद की कमी से उत्पन्न स्थिति की ओर किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

7. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 153- उदयपुरा से निर्वाचित सदस्य, श्री रामपाल सिंह द्वारा विधान सभा में अपने स्थान का त्याग करने की सूचना.

8. सभापति तालिका की घोषणा

9. राज्यपाल के अभिभाषण पर श्रीमती सुधा जैन, सदस्य,द्वारा दिनांक 19 फरवरी, 2007 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा:-

" राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिये मध्यप्रदेश विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यन्त कृतज्ञ हैं".

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 20 फरवरी, 2007